**डॉ.शिवलोचन झा**
**(अध्यक्ष, छात्र कल्याण)**
कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय
कामेश्वरनगर,दरभंगा,बिहार -846004
**मो-** ***9473369943***

Dr. Shivlochan Jha
***D.S.W.***
*KSDSanskrit University,*
*Kameshwar Nagar,*
*Darbhanga, Bihar-***846004**
***Mob. No. 9473369943***

**पत्रांक-** 434/25 **दिनांक -**14/05/2025

सेवा में,

1. **सभी विभागाध्यक्ष**
   (स्नातकोत्तरविभाग,विश्वविद्यालय परिसर)
2. **सभी प्रधानाचार्य**
   (अंगीभूत, सम्बद्धताप्राप्त शास्त्री एवं उपशास्त्री महाविद्यालय (वित्त सहित एवं वित्त रहित)
   कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय,दरभंगा।

**विषय- शैक्षिक सत्र 2025-26 में ऑनलाइन नामांकन हेतु आवेदन के संबंध में,**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में निर्देशानुसार सूचित करना है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी स्नातकोत्तर विभागों / अंगीभूत , सम्बद्धता प्राप्त शास्त्री एवं उपशास्त्री महाविद्यालयों (वित्त सहित एवं वित्त रहित) में ऑनलाइन नामांकन हेतु आवेदन विश्वविद्यालय के वेबसाईट ( www.ksdsu.bihar.gov.in ) एवं पोर्टल (UCMS) के माध्यम से किया जाना है । ऑनलाइन आवेदन शुल्क **100/- रूपये** निर्धारित है, जो विश्वविद्यालय खाता में संचित होगा। **ऑनलाइन नामांकन तिथि का विवरण इस प्रकार है-**

| कक्षा | सत्र | ऑनलाइन आवेदन की तिथि | महाविद्यालय द्वारा संशोधन एवं स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|
| उपशास्त्री | 2025-27 | 15.05.2025 से 30.06.2025 | 18.05.2025 से 05.07.2025 |
| शास्त्री | 2025-29 | 15.05.2025 से 30.06.2025 | 18.05.2025 से 05.07.2025 |
| आचार्य | 2025-27 | 15.05.2025 से 30.06.2025 | 18.05.2025 से 05.07.2025 |

1.उपरोक्त सत्र के सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि नामांकन का ऑनलाइन आवेदन समिट करने के पश्चात तीन प्रिंटेड प्रति निकालकर एक अपने पास एवं दो प्रतियों में हस्ताक्षर कर प्रथम चयनित महाविद्यालय में निर्धारित समय के अन्दर जमा करेंगे।

14/5/25

कृ.पृ.उ.

2. यदि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार करना हो तो प्रथम चयनित विभाग/ महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष /प्रधानाचार्य को सप्ताहाभ्यन्तर आवेदन देकर संशोधित करा लें।

3. विभागाध्यक्ष / प्रधानाचार्य डैस-बोर्ड के माध्यम से नियमानुसार त्रुटि सुधार कर ऑनलाइन नामांकन आवेदन को स्वीकृति प्रदान करेंगे।

4. विभागाध्यक्ष / प्रधानाचार्य संबंधित छात्रों के नामांकन से संबंधित **अभिलेख एवं निर्धारित शुल्क** प्राप्त कर अपने विभाग/महाविद्यालय में नामांकन करेंगे। नामांकन के उपरांत सप्ताहाभ्यन्तर विभागाध्यक्ष / प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ऑनलाइन नामांकन के आवेदन की एक प्रति अध्यक्ष,छात्रकल्याण के कार्यालय में जमा करेंगे।

**विशेष-** वर्तमान शैक्षिकसत्र 2025-26 में जिन महाविद्यालयों की सम्बद्धता प्राप्त है वही संस्था प्रधान अपने यहाँ ऑनलाइन नामांकन स्वीकृत करेंगे। ऑनलाइन नामांकन लिंक निम्नांकित है-

कक्षा- **उपशास्त्री** ( 2025-27)
LINK - https://ksdsu.bihar-ums.com/pucstudentapplicationtwentyfive/verify
कक्षा- **शास्त्री** ( 2025-29)
LINK - https://ksdsu.bihar-ums.com/ugstudentapplicationtwentyfive/verify
कक्षा - **आचार्य** (2025-27)
LINK - https://ksdsu.bihar-ums.com/pgstudentapplicationtwentyfive/verify

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से,

14/5/25

(डॉ.शिवलोचन झा)
**अध्यक्ष,छात्रकल्याण**

**ज्ञापांक-** 434/25 **दिनांक-** 14/05/2025

**प्रतिलिपि प्रेषित-**

1. **कुलपति** के निजी सहायक ,केएसडीएसयू,दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **कुलसचिव**, केएसडीएसयू,दरभंगा को सूचनार्थ।
3. **परीक्षा नियंत्रक** ,केएसडीएसयू,दरभंगा को सूचनार्थ।
4. **वित्त पदाधिकारी** ,केएसडीएसयू,दरभंगा को सूचनार्थ।
5. **नोडल पदाधिकारी** ( BECIL) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।
6. **सूचना वैज्ञानिक** , केएसडीएसयू,दरभंगा को विश्वविद्यालय वेबसाइड पर अपलोड हेतु।
7. **प्रबन्धक,BECIL** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।
8. **जनसम्पर्क पदाधिकारी** , केएसडीएसयू,दरभंगा को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।

14/5/25

**अध्यक्ष,छात्रकल्याण**